0/0 Roll No. …………………..

# BAHL–201

## पद्य साहित्य **1**

Bachelor of Arts (B.A.–12/16/17)

Second Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. पद्य साहित्य को किन भागों में वर्गीकृत किया गया है ? हिन्दी के प्रमुख महाकाव्यों का परिचय दीजिए।
2. आदिकाल के उद्भव और विकास के बारे में विस्तार से लिखिए।
3. 'साकेत' की सम्यक् आलोचना प्रस्तुत कीजिए।
4. 'असाध्य वीणा' की समीक्षा कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'मुक्तक' से क्या अभिप्राय है ?
2. 'खण्ड काव्य' को परिभाषित कीजिए।
3. कबीर की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।
4. 'प्रेमाख्यानक' से क्या तात्पर्य है ?
5. "मीरा प्रेम और विद्रोह की कवयित्री हैं।" इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
6. बिहारी की काव्यकला पर प्रकाश डालिए।
7. घनानंद रीतिमुक्त कवि हैं, क्यों ?
8. 'प्रिय प्रवास' को आधुनिक महाकाव्य क्यों कहा गया है ?

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. आदिकाल की किसी प्रमुख रचना और उसके रचनाकार का नाम लिखिए।
2. किसी आधुनिक पद्य रचना रूप का उल्लेख कीजिए।
3. जायसी किस भाषा के कवि थे ?

4. कबीर की भाषा को 'पंचमेल खिचड़ी' किसने कहा है ?

5. किन्हीं दो आधुनिक महाकाव्यों के नाम लिखिए और उनके रचनाकारों के नाम भी बताइये।

6. 'प्रियवंद' किस रचना का पात्र है ?

7. 'कुरुक्षेत्र' का नायक कौन है ?

8. 'बलि जाऊँ लला इन नैनन पर' किसकी काव्यपंक्ति है ?

9. 'बिहारी सतसई' के रचनाकार कौन हैं ?

10. मीरा की काव्यभाषा क्या है ?